

**श्री पुष्कर सिंह धामी**
माननीय मुख्यमंत्री
उत्तराखण्ड सरकार

Industrial Training Institute

उत्तराखण्ड राज्य

NAPS

Skill India
कौशल भारत - कुशल भारत



**श्री सौरभ बहुगुणा**
माननीय मंत्री कौशल विकास एवं सेवायोजन, उत्तराखण्ड सरकार

# कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग

## प्रशिक्षण प्रखण्ड, व्यावसायिक परीक्षा परिषद्, देहरादून, उत्तराखण्ड

**शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत**

उत्तराखण्ड राज्य में स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में एन.सी.वी.ई.टी. मान्यता प्राप्त व्यवसायों में प्रवेश हेतु विवरणिका (निःशुल्क)

## प्रवेश विवरणिका 2025








**ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ होने की तिथि - 27-6-2025**
**ऑनलाइन आवेदन करने की अन्तिम तिथि - 20-7-2025**

**कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग**

**परिषद से पत्र व्यवहार का पता - तृतीय तल, राजकीय महिला आई.टी.आई परिसर 26 ई.सी. रोड, सर्वे चौक, देहरादून।**

**फोन नं: 7302663922 | 08068920368**

**Website: www.vpputtarakhand.in**

उत्तराखण्ड राज्य

# कौशल विकास एवं सेवायोजन विभाग प्रशिक्षण प्रखण्ड

Industrial Training Institute

| सचिव | निदेशक |
| --- | --- |
| श्री सी. रविशंकर | श्री संजय कुमार |
| (आई.ए.एस. ) | (आई.ए.एस. ) |


**प्रशिक्षण एवं सेवायोजन निदेशालय**

आई.टी.आई. हल्द्वानी परिसर रामपुर रोड, हल्द्वानी उत्तराखण्ड
फोन नं: 05946-234866/235659

**व्यावसायिक परीक्षा परिषद**

तृतीय तल, राजकीय महिला आई.टी.आई. परिसर, 26 ई.सी. रोड, सर्वे चौक, देहरादून।
फोन नं: 7302663922

**Email - vpp.iti.uk@gmail.com**

**सौरभ बहुगुणा**
मंत्री
पशुपालन, दुग्ध विकास, मत्स्य पालन,
गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग
प्रोटोकॉल, कौशल विकास एवं सेवायोजन

उत्तराखण्ड सरकार

विधान सभा भवन, देहरादून
कक्ष संख्या 17,
दूरभाष : 0135-2665121 (का.)
फैक्स : 0135-2665080

पत्रांक : प्रैसो

दिनांक : 26.05.2025

# "संदेश"

यह जानकर अपार हर्ष हो रहा है कि उत्तराखण्ड राज्य के प्रशिक्षण विभाग के अन्तर्गत NCVET मान्यता प्राप्त विभिन्न राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के विभिन्न व्यवसायों में ऑनलाईन/ऑफलाईन आवदेन पत्र प्राप्त करते हुये प्रवेश की कार्यवाही सम्पादित की जा रही है। प्रवेश प्रक्रिया में नवीनतम तकनीक के सम्मिश्रण से आटोमेशन के प्रारम्भ तथा प्रक्रिया को पारदर्शी रखने व सूचना को सम्बन्धितों हेतु सुलभ कराये जाने की दिशा में सार्थक पहल है।

कौशल एवं नव विचार शाश्वत् है एवं समाज तथा राष्ट्र इससे अंकुरित होकर समृद्ध होते हैं। इन्हीं तथ्यपरक आवश्यकताओं के दृष्टिगत युवा वर्ग को कुशल एवं तकनीक सम्पन्न बनाने के लिये 09 नवम्बर 2000 को नवोदित राज्य उत्तराखण्ड गठन के समय 63 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान संचालित थे। राज्य के युवाओं के कौशल विकास में वृद्धि कर रोजगार / स्वरोजगार हेतु प्रशिक्षण प्रदान किये जाने हेतु राज्य में 87 भारत सरकार से मान्यता प्राप्त संस्थान संचालित किये जा रहे हैं।

राज्य के इन राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में राष्ट्रीय व्यवसायिक प्रमाण पत्र के लिये विभिन्न व्यवसायों में प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों को निःशुल्क विवरणिका उपलब्ध कराने की कार्यवाही की जा रही है। इन संस्थानों में प्रवेश पश्चात गुणवत्ता युक्त प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के लिये प्रशिक्षण विभाग पूर्णतया तत्पर रहेगा।

मैं समस्त प्रवेशित अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण अवधि तथा उसके पश्चात उनके उज्जवल भविष्य की मंगलमय कामना करता हूँ।

(सौरभ बहुगुणा)

निवास: आवास संख्या आर–8, यमुना कालोनी, देहरादून, उत्तराखण्ड 248001

उत्तराखण्ड राज्य की विषम भौगोलिक परिस्थितियों एवं राज्य में सीमित औद्योगिक विकास को दृष्टिगत रखते हुये राज्य के युवाओं को कुशल कारीगर के रूप में प्रशिक्षित किया जाना अति आवश्यक है। इससे राज्य के युवाओं को औद्योगिक रोजगार के अवसर सुलभ होंगे और उनको स्वरोजगार के लिये भी प्रेरित किया जा सकेगा, ताकि राज्य के प्रत्येक परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हो और राज्य से पलायन को भी रोका जा सके। इस प्रकार राज्य में स्थापित औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों का मुख्य उद्देश्य स्कूल छोड़ चुके लोगों को व्यवस्थित प्रशिक्षण प्रदान करके उद्योगों के लिये कुशल कारीगर उपलब्ध कराना एवं सभी शिक्षित युवाओं का कौशल विकास (**Skill Development**) करके औद्योगिक रोजगार व स्वरोजगार के अधिक से अधिक अवसर उपलब्ध कराना है।

इन औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षण प्राप्त अभ्यर्थियों को कुशल कारीगर के रूप में राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (**एन०सी०वी०ई०टी०**) एवं राज्य व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (**एस०सी०वी०ई०टी०**) से मान्यता प्राप्त प्रमाण पत्र उपलब्ध कराया जाता है। इन संस्थानों में विभिन्न व्यवसाय हेतु प्रशिक्षण की अवधि 01 वर्ष से लेकर 02 वर्ष तक हो सकती है और प्रवेश हेतु शैक्षिक अर्हता 8वीं से लेकर 10वीं उत्तीर्ण तक होती है, जो कि विभिन्न व्यवसायों में प्रशिक्षण की अपेक्षाओं पर निर्भर करता है। **Craftsman Training Scheme (CTS)** के अन्तर्गत प्रवेश हेतु अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 14 वर्ष एवं अधिकतम आयु की कोई सीमा निर्धारित नही है। विभाग द्वारा प्रथम बार राज्य में विभिन्न राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के कतिपय व्यवसायों में प्रशिक्षण हेतु **Dual System of Training (DST)** के अन्तर्गत राज्य के प्रतिष्ठित औद्योगिक आस्थानों यथा टाटा मोटर्स, बजाज ऑटो, हीरो मॉटोकॉप्स आदि के साथ एमओयू किया गया है, जिसके अन्तर्गत उक्त योजना में प्रवेश प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी प्रशिक्षण अवधि का आधा समय आईटीआई में तथा आधा समय इन्डस्ट्री में व्यतीत करेंगें Dual System of Training (DST) के अन्तर्गत प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 24 वर्ष निर्धारित है। इन संस्थानों में National Skill **Qualification Frame Work (NSQF)** संरेखित निर्धारित लेवल 3-4 तक के पाठयक्रम के अनुसार प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

राज्य गठन के पूर्व प्रदेश में 63 आई०टी०आई० संचालित थी। राज्य के युवाओं को रोजगार हेतु प्रशिक्षण प्रदान किये जाने एवं जनमानस की मांग को दृष्टिगत रखते हुये वर्तमान में राज्य में कुल 153 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, 82 निजी संस्थान एवं 06 गैर विभागीय (समाज कल्याण / जनजाति कल्याण विभाग द्वारा संचालित) प्रशिक्षण संस्थान स्वीकृत हैं। वर्तमान में प्रशिक्षण विभाग के अन्तर्गत 87 **रा०आई०टी०आई०** राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (**एन०सी०वी०ई०टी०**) भारत सरकार नई दिल्ली से मान्यता प्राप्त संचालित है। उक्त के अतिरिक्त स्वतः रोजगार के दृष्टिगत वर्तमान में 26 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद (**एस०सी०वी०टी०**) के अन्तर्गत भी संचालित हो रहे हैं। उत्तराखण्ड के साथ-साथ सम्पूर्ण भारतवर्ष में NCVET मान्य संस्थान, व्यवसायों, उनमें स्वीकृत सीट एवं प्रवेशित प्रशिक्षार्थियों के सम्बन्ध में भारत सरकार द्वारा संचालित पोर्टल **www.dgt.gov.in** पर अध्यावधिक सूचनाएँ उपलब्ध करायी जाती है। भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के प्रशिक्षण महानिदेशालय के अन्तर्गत राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद (**एन०सी०वी०ई०टी०**) का गठन किया गया है। राष्ट्रीय व्यावसायिक शिक्षा एवं प्रशिक्षण परिषद् (**एन०सी०वी०ई०टी०**) द्वारा मान्यता प्राप्त औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेशित छात्रों को शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत प्रशिक्षित किया जाता है। परिषद द्वारा निर्धारित पाठक्रमानुसार विभिन्न इंजीनियरिंग एवं नॉन इंजीनियरिंग व्यवसायों का प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। प्रशिक्षण पूर्ण करने के उपरांत अखिल भारतीय व्यावसायिक वार्षिक परीक्षा प्रणाली के तहत प्रतिवर्ष जून-जुलाई माह में आयोजित की जाती है।









## विभागीय क्रियाकलाप एवं उपलब्धियाँ

### 1. शिशिक्षु प्रशिक्षण योजना -

भारत सरकार के कौशल विकास एवं उद्यमशीलता मंत्रालय के अधीन प्रशिक्षण मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा शिशिक्षु अधिनियम-1961 अधिसूचित किया गया है। शिशिक्षु प्रशिक्षण प्राप्त करने के उपरान्त अभ्यर्थी / प्रशिक्षार्थी अर्धकुशल से कुशल कार्मिक में उच्चीकृत हो जाता है। इस प्रशिक्षण से जहाँ एक ओर अभ्यर्थी को प्रशिक्षण की अवधि में छात्रवृत्तिका प्राप्त होती है वहीं दूसरी ओर उसके कौशल विकास, औद्योगिक वातावरण में कार्य करने की क्षमता तथा आधुनिकतम तकनीकी की जानकारी का विकास होता है। राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से उत्तीर्ण अभ्यर्थियों को एक या दो वर्ष का शिशिक्षु प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु नियोजित कराया जाता है। जिससें वह उद्योगों की आवश्यकतानुसार वास्तविक प्रशिक्षण प्राप्त कर कुशल शिल्पकार बन जाता है। उत्तराखण्ड में स्वरोजगार की दृष्टि से भी उक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम अत्यन्त उपयोगी सिद्ध हो रहा है।

### 2. सी० ओ० ई० (Centre of Excellence) की स्थापना

विभाग द्वारा प्रशिक्षार्थियों को उच्च गुणवत्ता व रोजगार उन्मुख प्रशिक्षण प्रदान करने के उद्देश्य से अलग-अलग संस्थानों में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस स्थापित किये जा रहे है। इस क्रम में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान काशीपुर में Schneider Electric ltd के सहयोग से Advanced Electrical Technology का सी०ओ०ई० संचालित किया जा रहा है, जिसमें कुल 2 मॉडयूल में वर्तमान तक 171 प्रशिक्षणार्थियों में से 149 प्रशिक्षणार्थियों को सामान्य आई०टी०आई० उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी से अधिक वेतन का रोजगार उपलब्ध कराया गया। साथ ही विशिष्ट आई०टी०आई० रोशनाबाद हरिद्वार में Phillips India ltd के सहयोग से Precision Manufacturing का सी०ओ०ई० स्थापित किया गया है। उक्त सी०ओ०ई० में कुल 2 मॉडयूल में वर्तमान तक 134 प्रशिक्षणार्थियों में से 127 प्रशिक्षणार्थियों को सामान्य आई०टी०आई० उत्तीर्ण प्रशिक्षणार्थी से अधिक वेतन का रोजगार उपलब्ध कराया गया। इन केन्द्रों में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके छात्रों को फिनिशिंग स्कूल की तर्ज पर उन्नत और भविष्य की तकनीकों पर विश्व स्तरीय प्रशिक्षण के साथ, इण्डस्ट्री सर्टिफिकेट और प्लेसमेंट के अवसरों की सुविधा भी मिल रही है।







साथ ही स्किल हब सहसपुर में 05 सेक्टरों / ट्रेनिंग एरिया एवं राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, बाजपुर में 01 सेक्टर / ट्रेनिंग एरिया में सेन्टर ऑफ एक्सीलेंस (सी०ओ०ई०) स्थापित किया गया है। जिसके अन्तर्गत उक्त सी०ओ०ई का संचालन भी सम्बन्धित क्षेत्र की प्रतिष्ठित कम्पनी के माध्यम से ही किया जायेगा, जिससे आई०टी०आई० के प्रशिक्षणार्थियों के साथ साथ राज्य के युवाओं को -इण्डस्ट्री में उपयोग हो रही नवीनतम मशीनों पर प्रशिक्षण प्राप्त हो सकेगा, जोकि उन्हें अधिक वेतन का रोजगार पाने में सहायक सिद्ध होगा। योजनान्तर्गत Precision Manufacturing एवं Machine Maintenance का सी०ओ०ई० Phillips के सहयोग से, Electrical Technology का सी०ओ०ई० Schinider के सहयोग से तथा Mechatronics/Robotics एवं Hydraulic-Pneumatic का सी०ओ०ई० Festo के सहयोग से स्थापित किया गया है।













## Placement - Batch 1

**Organizations**

- Solutech Industries (I) Pvt. Ltd.,
- AvioHeliTronics
- InfoSystems Pvt Ltd.
- Chola Turbo Machinery International Pvt Ltd.,
- DAAS Electronics
- Automat Irrigation Private Limited
- Robotics Automation Solution

**Job Roles**

- VMC Operator
- VMC Operator Trainee
- CNC Operator
- Quality Technician/VMC Operator
- Sales Representative

**Average Salary Range**

INR 22,000 to INR 25,000 + accommodation (in some cases)

## Courses

### Home and Building Automation (3 Months)

- Electrical Installation,
- Wiring standards and products
- Measuring instruments & tools Circuits &design,
- CCTV installation, Home automation

### Building Management System (4 Months)

- Building automation,
- Fire and safety alarm,
- CCTV installation,
- Building management

### Industrial Installation and Control (3 Months)

- Safety and security,
- Wiring standards, products,
- measuring instruments & tools Circuits and design,
- estimation & planning an installation, Motors/engines, integrated starter, electronic starter & drives
- Sensors used in Industry,
- Programmable logic controller, programming software,
- Interface of PLC to Sensors, etc



## 3. टाटा टेक्नोलॉजी (Tata Technologies) के साथ अनुबन्ध -

इण्डस्ट्री 4.0 के अन्तर्गत 13 संस्थानों यथा युवक देहरादून, जगजीतपुर हरिद्वार, पिरानकलियर, बडकोट, चम्बा, गोपेश्वर, हल्द्वानी, कालाढूँगी, सितारगंज, चम्पावत, अल्मोडा, पिथौरागढ एवं काशीपुर का उच्चीकरण टाटा टेक्नोलॉजी लि० के माध्यम से किया जा रहा है, चयनित संस्थानों में राज्य के युवाओं की रोजगारपरकता में वृद्धि हेतु 08 दीर्घअवधि (1 से 2 वर्षीय) CNC Machining Technician, Engineering Design Technician, Virtual Analysis And Designer, Industrial Robotics & Digital Manufacturing Technician, Mechanic Electric Vehicle, Manufacturing process control & Automation Technician, Computer Aided Manufacturing (CAM) Programmer तथा Industrial Internet Of Things (IIOT) Technician, एवं इन दीर्घ अवधि पाठ्यक्रमो से सम्बन्धित 23 लघु अवधि (270 घण्टे से 390 घण्टे तक) के प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किये जायेगें।



## 4. Dual system of Training (DST) के अन्तर्गत आई०टी०आई० के साथ-साथ इण्डस्ट्री में प्रशिक्षण-

दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली (Dual System of Training-DST) एक ऐसा प्रशिक्षण कार्यक्रम है, जो प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण के साथ-साथ उद्योगों में कार्य करके सीखने का अवसर प्रदान करता है। इसमें प्रशिक्षणार्थियों को उद्योगों में प्रशिक्षण के दौरान नवीनतम मशीनरी पर कार्य करने का अवसर प्राप्त होता है। डीएसटी के अन्तर्गत प्रशिक्षित प्रशिक्षणार्थी उच्च स्तर के व्यावसायिकता और तकनीकी कौशल का विकास करते है, जिससे उन्हें उद्योगों में रोजगार प्राप्त करने की सम्भावना अधिक हो जाती है।

विभाग द्वारा प्रथम बार राज्य के 27 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के कतिपय व्यवसायों में प्रशिक्षण हेतु Dual System of Training (DST) के अन्तर्गत राज्य के प्रतिष्ठित औद्योगिक आस्थानों यथा टाटा मोटर्स, बजाज ऑटो, हीरो मोटोकॉर्प आदि के साथ एमओयू किया गया है, जिसके अन्तर्गत उक्त योजना में प्रवेश प्राप्त करने वाले अभ्यर्थी प्रशिक्षण अवधि का आधा समय आईटीआई में तथा आधा समय इन्डस्ट्री में व्यतीत करेंगें Dual System of Training (DST) के अन्तर्गत प्रवेश हेतु अभ्यर्थियों की न्यूनतम आयु 18 वर्ष एवं अधिकतम आयु 24 वर्ष निर्धारित है। DST के अन्तर्गत एम०ओ०यू० करने वाले अधिष्ठानों द्वारा इंडस्ट्री में प्रशिक्षण के दौरान प्राशिक्षणार्थियों को स्टाइपेंड दिये जाने हेतु सहमति प्रदान की गई है, जो कि समय समय पर इंडस्ट्री द्वारा निर्धारित किया जायेगा। वर्तमान में इंडस्ट्री द्वारा स्टाइपेंड के रूप में लगभग रू 8000 से 10,000 प्रतिमाह के मध्य दिये जाने पर विचार किया जा रहा है।

# रोज़गार की संभावना को बढ़ाने हेतु आईटीआई एवं इंडस्ट्री में संयुक्त रूप से DST के अंतर्गत प्रशिक्षण का अवसर

DUAL SYSTEM OF TRAINING

# दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली (DST)

## दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली (DST) क्या है?

दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली (DST) एक ऐसा कार्यक्रम है जो छात्रों को आईटीआई में प्रशिक्षण के साथ साथ उद्योग में कार्य करके सीखने का अवसर प्रदान करता है|

इसमें छात्रों को उद्योगों में प्रशिक्षण के दौरान नवीनतम मशीनरी पर कार्य करने का अवसर प्राप्त होता है| डीएसटी के अन्तर्गत प्रशिक्षण लेने वाले अभ्यर्थी उच्च स्तर के व्यावसायिकता और तकनीकी कौशल का विकास करते हैं, जिससे उन्हें उद्योगों में नौकरी मिलने की संभावना बढ़ जाती है|

## उद्योग में प्रशिक्षण की समयावधि

| ITI कोर्स की अवधि | उद्योग में प्रशिक्षण की अवधि |
|---|---|
| 12 Months | 3 to 6 Months |
| 24 Months | 6 to 12 Months |

## DST के दौरान उद्योग क्या प्रदान करेगा?

**छात्रवृत्तिका**
उद्योगों द्वारा छात्रवृतिका दिए जाने का प्राविधान

**सुविधाएं**
छात्रों को परिवहन एवं कैंटीन की व्यवस्था

**सुरक्षा**
सभी छात्रों को पीपीई और सुरक्षा जूते जैसी सुरक्षा सुविधाओं का प्रावधान

**प्रशिक्षण**
छात्र अपने कोर्स का आधा समय आई.टी.आई में एवं शेष समय इंडस्ट्री में प्रशिक्षण प्राप्त करेंगे

## DST के दौरान छात्रों से क्या अपेक्षाएं हैं?

**आयु सीमा**
न्यूनतम 18 वर्ष एव, अधिकतम 24 वर्ष

**सहमति पत्र**
स्वयं और माता-पिता से सहमति अनिवार्य होगा

**व्यक्तिगत बीमा**
अनिवार्य व्यक्तिगत दुर्घटना बीमा

**मेडिकल टेस्ट**
चिकित्सा परीक्षण उत्तीर्ण करना अनिवार्य होगा

**यूनिफार्म और पहचान पत्र**
आईटीआई का पहचान पत्र साथ रखना और DST के दौरान निर्धारित वर्दी पहनना अनिवार्य है|

**रूल्स एंड रेगुलेशन**
DST के दौरान उद्योग के नियमों और विनियमों, सुरक्षा दिशानिर्देशों और शिफ्ट समय का पालन अनिवार्य है|

उत्तराखण्ड राज्य

Industrial Training Institute

# Dual System of Training-DST के अन्तगत संस्थानों / व्यवसायों का विवरण:-

| क्र० | राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का नाम | व्यवसाय का | डीएसटी हेतु इंडस्ट्री पार्टनर का नाम |
|---|---|---|---|
| 1 | रा०औ०प्र०संस्थान (यु०) देहरादून | इलेक्ट्रिशियन | हिमालयन पावर मशीन मैन्युफैक्चरिंग, देहरादून |
| | | फिटर | हिमालयन पावर मशीन मैन्युफैक्चरिंग, देहरादून |
| 2 | रा०औ०प्र०संस्थान राजपुर रोड देहरादून | इलेक्ट्रिशियन | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| | | फिटर | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| 3 | रा०औ०प्र०संस्थान विकासनगर | इलेक्ट्रिशियन | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| | | फिटर | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| 4 | रा०औ०प्र०संस्थान जगजीतपुर हरिद्वार | इलेक्ट्रिशियन | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| | | फिटर | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| | | फिटर | हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, हरिद्वार |
| | | मशीनिष्ट | हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, हरिद्वार |
| | | वेल्डर | हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, हरिद्वार |
| 5 | रा०औ०प्र०संस्थान नासरन | इलेक्ट्रिशियन | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| | | फिटर | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| 6 | रा०औ०प्र०संस्थान विशिष्ट हरिद्वार | वेल्डर | हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, हरिद्वार |
| | | फिटर | हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, हरिद्वार |
| 7 | रा०औ०प्र०संस्थान पिरानकलियर | वेल्डर | हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, हरिद्वार |
| | | फिटर | हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड, हरिद्वार |
| 8 | रा०औ०प्र०संस्थान रुद्रप्रयाग | इलेक्ट्रिशियन | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| 9 | रा०औ०प्र०संस्थान श्रीनगर | फिटर | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| 10 | रा०औ०प्र०संस्थान दुगड्डा | इलेक्ट्रिशियन | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| 11 | रा०औ०प्र०संस्थान नई टिहरी | फिटर | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| | | इलेक्ट्रिशियन | टाटा मोटर्स, पंतनगर |

Industrial Training Institute

| क्र० सं० | राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान का नाम | व्यवसाय का नाम | डीएसटी हेतु इंडस्ट्री पार्टनर का नाम |
|---|---|---|---|
| 12 | रा०औ०प्र०संस्थान चम्बा | वेल्डर | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| 13 | रा०औ०प्र०संस्थान बड़कोट | फिटर | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| 14 | रा०औ०प्र०संस्थान पिथौरागढ़ | वेल्डर | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| 15 | रा०औ०प्र०संस्थान काशीपुर | इलेक्ट्रिशियन | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| | | फिटर | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| 16 | रा०औ०प्र०संस्थान दिनेशपुर | वेल्डर | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| 17 | रा०औ०प्र०संस्थान बाजपुर | वेल्डर | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| 18 | रा०औ०प्र०संस्थान जसपुर | इलेक्ट्रिशियन | बजाज ऑटो लिमिटेड, पंतनगर |
| 19 | रा०औ०प्र०संस्थान खटीमा | वेल्डर | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| 20 | रा०औ०प्र०संस्थान सितारगंज | मेकेनिक मोटर व्हीकल | बजाज ऑटो लिमिटेड, पंतनगर |
| 21 | रा०औ०प्र०संस्थान विशिष्ट पंतनगर | वेल्डर (फैब्रिकेशन एंड फिटिंग) | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| 22 | रा०औ०प्र०संस्थान अल्मोड़ा | इलेक्ट्रिशियन | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| 23 | रा०औ०प्र०संस्थान हल्द्वानी | टर्नर | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| | | मशीनिष्ट | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| | | मेकेनिक ऑटोबॉडी पेंटिंग | बजाज ऑटो लिमिटेड, पंतनगर |
| 24 | रा०औ०प्र०संस्थान टाण्डी | वेल्डर | टाटा मोटर्स, पंतनगर |
| 25 | रा०औ०प्र०संस्थान कालाढूंगी | मेकेनिक मोटर व्हीकल | बजाज ऑटो लिमिटेड, पंतनगर |
| 26 | रा०औ०प्र०संस्थान बिन्दुखत्ता | फिटर | बजाज ऑटो लिमिटेड, पंतनगर |
| 27 | रा०औ०प्र०संस्थान रामनगर | फिटर | बजाज ऑटो लिमिटेड, पंतनगर |

इस प्रशिक्षण प्रणाली का उद्देश्य प्रशिक्षणार्थियों को वास्तविक औद्योगिक वातावरण, अनुशासन तथा कार्य प्रणाली का प्रत्यक्ष अनुभव प्रदान करना है ताकि वे ऑन-द-जॉब ट्रेनिंग के माध्यम से व्यावहारिक दक्षता अर्जित कर सकें, जो कि उनको रोजगार के बेहतर अवसर प्राप्त करने में सहायक सिद्ध होगा। इस प्रणाली के अंतर्गत प्रवेश हेतु प्रशिक्षण महानिदेशालय भारत सरकार एवं सम्बन्धित औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा निम्नानुसार मानक निर्धारित किए गए हैं:-

- **आयु सीमा -** Dual system of Training (DST) के अन्तर्गत प्रशिक्षण हेतु प्रवेश के समय अभ्यर्थी की आयु 18 वर्ष से 24 वर्ष के मध्य होनी अनिवार्य है। इस हेतु आयु की गणना सम्बन्धित वर्ष की 1 जुलाई से मान्य होगी।

- **शैक्षिक योग्यता:-** न्यूनतम शैक्षिक योग्यता हाईस्कूल उत्तीर्ण।

- **प्रशिक्षण अवधि में औद्योगिक भागीदारी -** कुल प्रशिक्षण अवधि का 25% से 50% भाग औद्योगिक प्रतिष्ठानों में अनिवार्य रूप से पूर्ण करना होगा। यह प्रशिक्षण रोजगारोन्मुखी कौशल विकास में सहायक सिद्ध होगा।

- **सहमति पत्र (Consent Form)-** DST प्रणाली के अंतर्गत प्रवेश लेने वाले अभ्यर्थियों / उनके अभिभावकों को यह लिखित सहमति प्रदान करनी होगी कि उन्हें कुल प्रशिक्षण अवधि का 25 से 50% तक का भाग संबंधित औद्योगिक प्रतिष्ठान में करने पर कोई आपत्ति नहीं होगी। यह सहमति पत्र (Consent Form) आवेदन के समय जमा करना अनिवार्य होगा।

- **पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र-** डीएसटी प्रशिक्षुओं को औद्योगिक प्रशिक्षण शुरू होने से 30 दिन पहले जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय से पुलिस सत्यापन प्रमाणपत्र प्राप्त करना होगा।

- **चिकित्सा फिटनेस परीक्षण-**अभ्यर्थी को डीएसटी के अन्तर्गत प्रवेश से पूर्व सम्बन्धित औद्योगिक प्रतिष्ठान के व्यावसायिक स्वास्थ्य केंद्र (ओएचसी) में निःशुल्क चिकित्सा फिटनेस परीक्षण में भाग लेना होगा।

- **सुरक्षा / पीपीई -** डीएसटी प्रशिक्षुओं को उद्योग में व्यावहारिक प्रशिक्षण के दौरान सभी सुरक्षा पीपीई (व्यक्तिगत सुरक्षा उपकरण) अनिवार्य रूप से पहनने होंगे, जो कि इंडस्ट्री द्वारा प्रदान किये जायेंगे।

- **शिफ्ट -** डीएसटी प्रशिक्षुओं को विभिन्न शॉप्स में व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए ट्रेनर / रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा समय-समय पर सूचित किए गए शिफ्ट समय का पालन करना होगा।

- **अनुशासन -** डीएसटी प्रशिक्षुओं को अन्य कार्यरत लोगों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने और अनुशासित व्यवहार बनाए रखना होगा। शारीरिक हिंसा का कोई भी कार्य, भौतिक संपत्ति को नुकसान, अनधिकृत अनुपस्थिति, प्रशिक्षण कार्यस्थल से गायब होना, यौन उत्पीड़न आदि गैर अनुशासनात्मक गतिविधियां किये जाने पर सम्बन्धित अभ्यर्थी को प्रशिक्षण से निष्कासित कर दिया जायेगा।

- **छात्रवृतिका** - डीएसटी प्रशिक्षुओं को समय-समय पर औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा निर्धारित छात्रवृतिका प्रदान की जायेगी।

- **भोजन और आवास** - डीएसटी प्रशिक्षुओं को उद्योग में व्यावहारिक औद्योगिक प्रशिक्षण के दौरान अपने रहने और भोजन की व्यवस्था अपने खर्च पर करनी होगी, जिस हेतु इंडस्ट्री द्वारा प्रतिमाह लगभग रु 8000 स्टाइपेंड के रूप में दिये जाने पर सहमति व्यक्त की गई है।






## 5. मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना:-

सहसपुर (देहरादून) में विदेश रोजगार प्रकोष्ठ की स्थापना राज्य के युवाओं को विदेश में उपलब्ध रोजगार के अवसरों से जोड़े जाने के उद्देश्य से की गयी है। उक्त योजना के अन्तर्गत भाषा एवं संस्कृति प्रशिक्षण पर होने वाले व्यय का 20 प्रतिशत राज्य सरकार द्वारा पोषित किया जाता है तथा शेष 80 प्रतिशत धनराशि का वहन अभ्यर्थी द्वारा किया जा रहा है। साथ ही आवासीय प्रशिक्षण की दशा में प्रशिक्षणार्थियों के रहने एवं खाने का व्यय भार का वहन भी राज्य सरकार द्वारा ही किया जाता है। इस योजना के माध्यम से वर्तमान में जापान, जर्मनी, यूके एवं आयरलैण्ड के अलावा विभिन्न देशों में प्रदेश के युवाओं को उनके कौशल प्रशिक्षण के अनुरूप सेवायोजित किये जाने हेतु प्रयास किये जा रहे है।

"मुख्यमंत्री कौशल उन्नयन एवं वैश्विक रोजगार योजना" के माध्यम से जुलाई 2023 से जापान में केयर गिवर जॉब में सेवायोजित किये जाने हेतु प्रदेश के 33 युवा एवं युवतियों के प्रथम बैच का जापानी भाषा का प्रशिक्षण प्रारम्भ किया गया, जिसमें से 23 प्रशिक्षणार्थियों द्वारा जापान में अपनी सेवायें देना प्रारम्भ किया जा चुका है। वर्तमान तक प्रदेश के 37 युवाओं/युवतियों द्वारा केयर गिवर एवं आतिथ्य के क्षेत्र में जापान जा चुके हैं। 23 अभ्यर्थियों द्वारा जापानी भाषा परीक्षा उत्तीर्ण कर ली है जिनका जापान जाने हेतु प्रक्रिया गतिमान है। वर्तमान में प्रकोष्ठ द्वारा जर्मनी में नर्सिंग के क्षेत्र में 41 अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण गतिमान है एवं जापान में केयर गिवर एवं आतिथ्य के क्षेत्र में प्रदेश के युवाओं को सेवायोजित किये जाने हेतु विदेशी भाषाओं का प्रशिक्षण प्रारम्भ किया जा रहा है।







## 6. उत्तराखण्ड वर्कफोर्स डेवलपमेन्ट परियोजना (UKWDP) -

राज्य के 24 राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानो में उद्योगों की आवश्यकता के अनुरूप विश्वस्तरीय प्रशिक्षण व्यवस्थायें प्रदान करने योग्य सुविधायें / फैकल्टी / परिवेश प्रदान किये जाने के लिये विभाग द्वारा विश्व बैंक सहायतित एक महत्वांकाक्षी "उत्तराखण्ड वर्कफोर्स डेवलपमेंट परियोजना" का सफलतापूर्वक क्रिन्यान्वयन किया गया है। राज्य के समस्त राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में कार्यरत् कार्मिकों को परिवर्तित औद्योगिक परिदृश्य के अनुसार तकनीक तथा प्रशिक्षण विधाओं में प्रशिक्षित किया जाना परियोजना का एक महत्वपूर्ण आयाम है। विश्व बैंक की सहायता से राज्य के 24 आई०टी०आई० को उच्चीकृत किया गया, योजनान्तर्गत 111 यूनिटों का एनसीवीईटी भारत सरकार से सम्बधन प्राप्त किया गया, जिसमें राज्य में प्रथम बार नये रोजगारपरक व्यवसाय यथा Solar Technician (Electrical), Plastic Processing Operator, Catering & Hospitality Assistant, Tool & Die Maker (Dies & Moulds), Mechanic Two and Three-Wheler, Welder (Fabrication & Fitting), Mechanic Machine Tool Maintenance का सम्बन्धन एनसीवीईटी भारत सरकार से प्राप्त किया गया।





## 7. ऑन द जॉब ट्रेनिंग-

राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों को इण्डस्ट्री के वातावरण एवं कार्यप्रणाली को समझने हेतु इण्डस्ट्री में ऑन द जॉब प्रशिक्षण हेतु भी भेजा जा रहा है, जोकि उनको रोजगार पाने में सहायक सिद्ध होता है। औद्योगिक क्षेत्रों के अन्तर्गत आने वाले राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के छात्रावासों को इंडस्ट्रियल एक्सपोजर के परिप्रेक्ष्य में सुव्यवस्थित किया गया है। संस्थानों में आधारभूत सुविधाओं का अच्छा स्तर सुनिश्चित किये जाने हेतु दूरस्थ संस्थानों के छात्रों को विभिन्न उद्योगों में ऑन द जॉब ट्रेनिंग प्रदान करने हेतु राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हरिद्वार, काशीपुर, देहरादून एवं दिनेशपुर में छात्रावास का निर्माण किया गया है।





## 8. कौशल संवाद-

माननीय विभागीय मंत्री जी द्वारा समय समय पर राज्य के विभिन्न राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों से ऑनलाईन / ऑफलाईन संवाद कार्यक्रम आयोजित किये जाते रहे है, जिसमें प्रशिक्षणार्थियों द्वारा उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करते हुए प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार हेतु अपने विचारों / सुझावों को संवाद में रखा जाता है, जिसके फलस्वरूप राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों को निःशुल्क गणवेश हेतु डी०बी०टी० के माध्यम से धनराशि उपलब्ध कराई जा रही है।



**9.** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान राजपुर रोड देहरादून में मै० हुंडई मोटर्स, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान देहरादून में मारूती उद्योग, सैमसंग, जैकवार, आइसर वोल्वो एवं होण्डा मोटर्स, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान महिला देहरादून में सैमसंग, राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बाजपुर में आर्नोवा टेक्नोलॉजी द्वारा इलेक्ट्रॉनिक्स टेक्नोलॉजी की कार्यशाला तथा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान हल्द्वानी में मारूती उद्योग, मै० टोयोटा किर्लोस्कर मोटर्स लिमिटेड के सहयोग से कार्यशाला के उन्नयन/ विस्तारीकरण का कार्य करते हुये सम्बन्धित औद्योगिक आस्थान द्वारा स्थापित की गयी मशीनों पर प्रशिक्षण भी दिया जा रहा है।

सैमसंग इण्डिया इलेक्ट्रोनिक्स प्राइवेट लिमिटेड तथा निदेशक, प्रशिक्षण विभाग-उत्तराखण्ड के मध्य 02 राजकीय आई०टी०आई० के प्रशिक्षार्थियों के कौशल विकास तथा उन्हें रोजगारपरक बनाने के लिए 03 साल का अनुबंध किया गया है। जिसमें सीएसआर के अन्तर्गत महिला आई०टी०आई देहरादून तथा युवक आई०टी०आई० देहरादून में नवीनतम टेक्नोलॉजी के सैमसंग इलेक्ट्रोनिक्स उपकरणों से सुसज्जित एक-एक विश्व स्तरीय लैब तथा स्मार्ट क्लास रूम स्थापित किये गये हैं, जिसमें आई०टी०आई के प्रशिक्षार्थी अपनी ट्रेड के अतिरिक्त उद्योग जगत में वर्तमान में प्रचलित टेक्नोलॉजी में निःशुल्क प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे हैं। महिला आई०टी०आई देहरादून में इलेक्ट्रोनिक्स एवं आई०सी०टी०एस०एम ट्रेड के प्रशिक्षार्थियों को नवीनतम टेबलेट्स मोबाईल स्मार्ट घड़ियों, टी०वी०, होम ऑडियो सिस्टम और युवक आई०टी०आई देहरादून में आर०ए०सी० तथा इलेक्ट्रीशियन ट्रेड के प्रशिक्षार्थियों को रेफ्रीजरेटर, ए०सी०, वॉशिग मशीन तथा माइक्रोबेव ओवन की मरम्मत तथा रख-रखाब का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण के मापदण्डों को पूर्ण करने पर प्रत्येक महिला, गरीबी रेखा से नीचे तथा दिव्यांग प्रशिक्षार्थियों को रुपये 15000 / एवं प्रत्येक बैच में सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षार्थी को सैमसंग द्वारा रुपये 20000 / की छात्रवृत्ति प्रदान की जायेगी।










## प्रवेश हेतु अनिवार्यता :-

**(क)** ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने व्यवसाय की निर्धारित शैक्षिक अर्हकारी परीक्षा उत्तराखण्ड में स्थित मान्यता प्राप्त शिक्षण संस्थानों से उर्तीण की हों।

या

**(ख)** ऐसे अभ्यर्थी जिन्होंने व्यवसाय की निर्धारित शैक्षिक अर्हकारी परीक्षा उत्तराखण्ड से बाहर किसी अन्य प्रदेश से उत्तीर्ण की हो किन्तु वो उत्तराखण्ड के स्थायी निवासी हों।

## प्रवेश हेतु आयु सीमा :-

- 01 जुलाई, 2025 को अभ्यर्थी की न्यूनतम आयु 14 वर्ष से कम नहीं होनी चाहिए। इस प्रकार अभ्यर्थी का जन्म दिनांक 30-06-2011 के बाद न हुआ हो। अभ्यर्थी हेतु अधिकतम आयु का कोई प्रतिबन्ध नहीं होगा। न्यूनतम आयु सीमा में किसी प्रकार की छूट अनुमन्य नहीं होगी।
- Dual system of Training (DST) के अन्तर्गत प्रवेश हेतु आयु सीमा न्यूनतम 18 वर्ष एवं अधिकतम 24 वर्ष निर्धारित है।

## आवेदन शुल्क का विवरण :-

1. अनुसूचित जाति (SC) / अनुसूचित जनजाति (ST) हेतु :- रू. 250/-
2. अन्य सभी वर्गों हेतु :- रू0 350/-

# विवरण पुस्तिका भली-भाँति पढ़कर ही ऑन-लाइन आवेदन करें।

## अभ्यर्थियों के लिए आवश्यक निर्देश (निर्देशों का सावधानीपूर्वक अध्ययन करें):-

**शैक्षिक योग्यता:-** केवल वही अभ्यर्थी ऑनलाइन आवेदन हेतु पात्र होंगे जिन्होंने व्यवसायवार निर्धारित न्यूनतम शैक्षिक अर्हता प्राप्त की हो। कृपया यह सुनिश्चित करें कि ऑनलाइन आवेदन केवल उपयुक्त योग्यता के अनुरूप ही भरा जाए।

**शैक्षिक योग्यता के अनुसार अर्ह व्यवसायों हेतु आवेदन किया जाना:-** यदि किसी भी स्तर पर यह पाया जाता है कि अर्हता से इतर किसी अभ्यर्थी ने आवेदन किया है अथवा उसे काउंसलिंग के माध्यम से सीट आवंटित की गई है, तो उसका प्रवेश/ आवंटन बिना किसी पूर्व सूचना या अग्रिम कार्यवाही के स्वतः निरस्त कर दिया जाएगा। ऐसी स्थिति में अभ्यर्थी स्वयं उत्तरदायी होगा।

**व्यवसाय में प्रशिक्षणरत प्रशिक्षणार्थियों द्वारा प्रवेश हेतु आवेदन न किया जाना:-** ऐसे अभ्यर्थी जो पूर्व में किसी व्यवसाय में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुके हैं अथवा वर्तमान में प्रशिक्षणरत हैं, वे सत्र 2025 में किसी अन्य व्यवसाय में पुनः प्रवेश के पात्र नहीं होंगे। यदि इस प्रकार की जानकारी प्राप्त होती है तो उनका प्रवेश स्वतः निरस्त माना जाएगा एवं इसकी समस्त जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

**स्वयं का मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी:-** आवेदन के समय प्रशिक्षणार्थी को अपना स्वयं का मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत करना होगा। पारिवारिक सदस्य, मित्र या किसी अन्य व्यक्ति का संपर्क विवरण देना मान्य नहीं होगा। पंजीकरण उपरांत कोर्स अवधि में मोबाइल नंबर अथवा ईमेल आईडी में किसी प्रकार का परिवर्तन अनुमन्य नहीं होगा।

**एनटीसी प्राप्ति तक संपर्क विवरण यथावत:-** प्रशिक्षण की समाप्ति एवं एनटीसी (National Trade Certificate) प्राप्त होने तक पंजीकृत मोबाइल नंबर एवं ईमेल आईडी में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा।

**डेटा अपलोड संबंधी सहायता:-** भारत सरकार के SIDH पोर्टल पर डेटा अपलोड से संबंधित किसी भी समस्या के लिए प्रशिक्षणार्थी को संबंधित आईटीआई से संपर्क करना होगा।

**प्रशिक्षणार्थी सत्यापन:-** सभी अभ्यर्थियों को प्रवेश की पुष्टि हेतु अपने संबंधित आईटीआई से दस्तावेजों का सत्यापन (Trainee Verification) कराना अनिवार्य है। सत्यापन पूर्ण होने के पश्चात ही स्थायी पंजीकरण संख्या (PRN) जारी की जाएगी एवं प्रवेश मान्य होगा। तत्पश्चात ही प्रशिक्षणार्थी परीक्षा में सम्मिलित होने के पात्र होंगे।

**दस्तावेजों में समरूपता:-** सत्यापन के समय किसी भी असुविधा से बचने हेतु यह सुनिश्चित करें कि आधार कार्ड एवं कक्षा 10वीं / एसएससी प्रमाणपत्र में प्रविष्ट विवरण एक समान हों। यदि कोई भिन्नता हो तो उसे अंतिम तिथि से पूर्व ठीक करा लें, अन्यथा प्रवेश स्वतः निरस्त माना जाएगा एवं इसकी जिम्मेदारी अभ्यर्थी की होगी।

**शैक्षिक अर्हता का अवलोकनः-** विभिन्न व्यवसायों हेतु वांछित शैक्षिक योग्यता का विवरण उपलब्ध है। अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है कि वे विवरण का भली-भांति अध्ययन कर काउंसलिंग के दौरान व्यवसायों का चयन करें।

**आधार ई-केवाईसी हेतु निर्देशः-** अभ्यर्थियों सत्यापन आधार ई-केवाईसी के माध्यम से किया जाना है, उन्हें यह सुनिश्चित करना होगा कि आधार से जुड़ा मोबाइल नंबर सक्रिय हो। यदि मोबाइल नंबर निष्क्रिय है, तो उसे आधार डेटाबेस में यथाशीघ्र अद्यतन कराना होगा।

**आवेदन हेतु सुविधा केंद्रः-** प्रशिक्षण सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश प्रक्रिया ऑनलाइन की जाएगी। ऐसे अभ्यर्थी जिन्हे ऑनलाईन आवेदन करने में किसी प्रकार की असुविधा हो, के लिए ऑफलाईन आवेदन किये जाने की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी। अभ्यर्थी जिले के नोडल संस्थान में स्थापित सुविधा केंद्र में उपस्थित हो कर ऑफलाईन आवेदन निर्धारित शुल्क अदायगी के साथ प्राप्त करते हुए ऑफलाईन आवेदन सम्बन्धित नोडल संस्थान में जमा कर सकता है।

**ऑनलाइन आवेदन पत्र भरने हेतु पंजीकरण की प्रक्रिया :-** ऑनलाइन आवेदन करने के लिए अभ्यर्थी को व्यावसायिक परीक्षा परिषद् उत्तराखण्ड देहरादून की वेबसाइट http://www.vpputtarakhand.in अथवा www.dsde.uk.gov.in को खोलना होगा। होम पेज पर प्रदर्शित लिंक "आईटीआई (NCVET) सत्र 2025-26 में प्रवेश के लिये ऑनलाईन आवेदन करें" को क्लिक कर ऑनलाईन आवेदन की प्रक्रिया प्रारम्भ होगी। इस हेतु एक नया वेबपेज खुलेगा जिस पर आवेदन प्रक्रिया, ई-मेल कैसे बनायें आदि दिग्दर्शिकायें दी गयी हैं। प्रवेश प्रक्रिया 2025 हेतु अभ्यर्थी को पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा जिसके लिये अभ्यर्थी का नाम, ई-मेल आईडी, मोबाईल नम्बर, शैक्षिक योग्यता आदि विवरण भरने होंगे एवं साथ ही पंजीकरण हेतु एक पासवर्ड बनाना होगा। पंजीकरण हेतु वैध ईमेल आईडी एवं मोबाईल नम्बर का होना अनिवार्य है। अभ्यर्थियों से यह अपेक्षित होगा कि ईमेल आईडी एवं मोबाईल नम्बर स्वयं का ही दें ताकि भविष्य में किसी प्रकार की सूचना के आदान प्रदान में असुविधा न रहे। यदि किसी अभ्यर्थी की ईमेल आईडी पहले से न बनी हो तो उसे सर्वप्रथम अपनी ईमेल आईडी बनानी होगी जिसे वेबपेज पर दी गयी 'ई-मेल कैसे बनाये' पर क्लिक कर पूर्ण प्रक्रिया को समझा जा सकता है।

पंजीकरण हेतु वांछित प्रविष्टियों को भरने के उपरान्त रजिस्टर (REGISTER) पर क्लिक करें। तत्काल अभ्यर्थी द्वारा भरी गयी ईमेल आईडी पर एक वेरिफिकेशन (VERIFICATION) लिंक ईमेल द्वारा प्रेषित किया जायेगा एवं दिये गये मोबाईल नम्बर पर भी एस०एम०एस० प्रेषित किया जायेगा जिसमें अभ्यर्थी की ईमेल आईडी एव पासवर्ड की सूचना होगी।



अभ्यर्थी को अपनी ईमेल को खोलकर दिये गये लिंक को वेलिडेट ईमेल (VALIDATE EMAIL) पर जाकर वेरिफाई (VERIFY) करना होगा। इसके पश्चात अभ्यर्थी को डैश बोर्ड प्रदर्शित होगा जिसमें Application form पर जाकर Apply Now पर क्लिक करेगें।




## ऑनलाईन आवेदन पत्र भरने की विधि :-

**1. Eligibility criteria (शैक्षणिक अर्हता) :-** यदि अभ्यर्थी ने हाईस्कूल / व्यवसायवार शैक्षणिक अर्हता उत्तराखण्ड स्थित किसी विद्यालय से प्राप्त की हो तो Yes का चयन करें अन्यथा No का चयन करें।

**2. Are you a native of Uttarakhand (क्या आप उत्तराखण्ड के मूल / स्थायी निवासी हैं) :–** Yes अथवा No का चयन करें।

**3. Title :-** नाम के आगे Mr. अथवा Ms. आदि का चयन आवश्यक रूप से करें।

**4. Applicant's Name (अभ्यर्थी का नाम) :-** इस कॉलम में अभ्यर्थी अपने नाम को अंग्रेजी के बडे अक्षरों में उसी प्रकार लिखें जैसा की हाई स्कूल अथवा समकक्ष प्रमाणपत्र में अंकित है। नाम, मध्य नाम व उपनाम के बीच में एक स्थान खाली (Space) रखें।

**5. Date of Birth (जन्मतिथि) :-** इस कॉलम में अभ्यर्थी अपनी जन्मतिथि उसी प्रकार लिखे जैसा कि हाईस्कूल अथवा समकक्ष प्रमाण पत्र में अंकित है। तिथि के लिए सर्वप्रथम वर्ष का चयन करे, तदुपरांत महीना अंत में दिन / तिथि (yyyy-mm-dd) का चयन करे।

**6. E- Mail Address (ई-मेल आईडी):-** पंजीकरण प्रक्रिया के समय दर्ज की गयी ई-मेल आईडी स्वतः ही इस कॉलम में अंकित हो जायेगी। स्वतः- ही इस कॉलम में अंकित हो जायेगा।

**7. Mobile Number (मोबाईल नम्बर):-** पंजीकरण प्रक्रिया के समय दर्ज किया गया मोबाईल नम्बर स्वतः ही इस कॉलम में अंकित हो जायेगा।

**8. Father's Name (पिता का नाम) :-** इस कॉलम में अभ्यर्थी अपने पिता के नाम को अंग्रेजी के बडे अक्षरों में उसी प्रकार लिखें जैसा कि हाई स्कूल अथवा समकक्ष प्रमाण पत्र में अंकित है। नाम, मध्य नाम व उपनाम के बीच में एक स्थान खाली रखें। नाम से पहले 'श्री' ना लगायें।

**9. Mother's Name (माता का नाम) :-** इस कॉलम में अभ्यर्थी अपनी माता के नाम को अंग्रेजी के बडे अक्षरों में उसी प्रकार लिखें जैसा कि हाई स्कूल अथवा समकक्ष प्रमाणपत्र में अंकित है। नाम, मध्य नाम व उपनाम के बीच में एक स्थान खाली रखें। नाम से पहले 'श्रीमती' ना लगायें।

**10. Reservation Category (आरक्षण वर्ग) :-** अभ्यर्थी अपने से सम्बन्धित आरक्षण वर्ग (क्षैतिज आरक्षण) का चयन करें।

**11.Sub Category (उपवर्ग) :-** अभ्यर्थी अपने से सम्बन्धित आरक्षण उपवर्ग (ऊर्ध्वाधर आरक्षण) का चयन करें। यदि अभ्यर्थी किसी भी उपवर्ग में नहीं आता है तो Not Applicable का चयन करें।

**12. Aadhar Number (आधार संख्या) :-** इस कॉलम में अभ्यर्थी अपने आधार नम्बर की प्रविष्टि करें।

**13. Address for Correspondence (पत्र व्यवहार का पता) :-** अभ्यर्थी अपने पत्र व्यवहार का पता ऑनलाईन आवेदन में भरें। यदि अभ्यर्थी का पत्र व्यवहार का पता एवं स्थायी पता एक ही हो तो Yes का चयन करें अन्यथा No का चयन कर स्थायी पता भी अंकित करें।



उत्तराखण्ड राज्य

Industrial Training Institute

# Government ITI (NCVET), Uttarakhand Application Form 2025

Personal and Address Details | Educational & Counseling Preference | Upload Details | Declaration Details

100% Complete (mandatory fields)

Step 1 of 5

## Eligibility Criteria

Have you passed the Highschool or trade wise minimum qualification examination from any school situated in Uttarakhand? *

Yes

Are you a native (Sthai/Mool Niwasi) of the state of Uttarakhand? *

Yes

If Yes is selected, You would need to upload your Domicile as proof in further sections

## Personal Details

Title *

Mr.

Please select the Title carefully, it will be considered for your merit allotment

Applicant's Full Name *

Test

Date of Birth *

23/11/2005

Email Address *

ashiakhil@gmail.com

Personal Mobile Number *

+91 7248688733

Father's Name *

xyz

Mother's Name *

abc

Reservation Category (Issued by Uttarakhand Govt.) *

SC

Reservation Sub Category - Horizontal *

Armed Forces/ Dependent of AF

The certification should be issued by Uttarakhand Govt. except for ' Armed Forces/ Dependent of AF'

Aadhaar Number *

123456789012

Industrial Training Institute

## Address for Correspondence

Country *

India

State *

Uttarakhand

District *

Dehradun

Address Line 1 *

ddsfsdf

Address Line 2

sdfs

Pincode *

248001

In case your country doesn't have pincode/zipcode enter 0

Is Permanent Address Same As Address For Correspondence? *

(•) Yes ( ) No

City/ Village/town *

ddn

In case any city/ village/town name is not there in predefined list

SAVE & EXIT

NEXT

**14.Gender (लिंग):-** यदि आप पुरूष हैं तो पुरूष के विकल्प का चयन करें तथा यदि आप महिला अभ्यर्थी हैं तो महिला के विकल्प का चयन करें। ट्रांसजेन्डर का विकल्प भी उपलब्ध है।

**15. Do You want opt for DST Course (डीएसटी सम्बन्धी व्यवसायों का चयन):-** यदि अभ्यर्थी डीएसटी के अन्तर्गत व्यवसाय चयन करना चाहता है तो Yes अथवा चयन न चाहने की स्थिति में No का चयन करें। डीएसटी का चयन किये जाने की स्थिति में अभ्यर्थी इस हेतु आवश्यक दिशानिर्देश पढ़ कर एवं सहमति उपरान्त ही आवदेन करें।

**16. Educational Details (शैक्षिक योग्यता का विवरण):-** इस कॉलम में अभ्यर्थी को अपनी शैक्षिक योग्यता का विवरण देना होगा एवं शैक्षणिक योग्यता के अनुरूप ही व्यवसाय अभ्यर्थी के प्रवेश हेतु उपलब्ध होगें। डीजीटी भारत सरकार द्वारा निर्धारित शैक्षिक योग्यता वाला अभ्यर्थी ही आवेदन भरने के योग्य होगा। अभ्यर्थी को क्रमशः 8वीं, 10वीं, 10वीं (विज्ञान एवं गणित विषयों के साथ) का विवरण आवेदन में भरना होगा। ऐसे अभ्यर्थी जिनके द्वारा समकक्ष परीक्षा उत्तीर्ण किये जाने के उपरांत अंक तालिका सम्बंधित बोर्ड द्वारा सी.जी.पी.ए. के अनुसार निर्गत की जाती है, वे सी.जी.पी.ए. अंक को समतुल्य प्रतिशतांक में आंगणित किये जाने सम्बन्धी अंक तालिका पर दिये गये निर्देशों के क्रम में ही आंगणित करते हुए ऑनलाइन अंकों की प्रविष्टि करें।

**17. Counselling Preference(काउन्सिलिंग हेतु वरीयता क्रम):-** ऑनलाईन आवेदन पत्र भरते समय अभ्यर्थी को जिलेवार, संस्थानवार, व्यवसायवार वरीयता क्रम में विकल्प लॉक /अंकित करने होगें। अभ्यर्थी की मैरिट / रैंक के अनुसार उसके द्वारा चुने गये विकल्पों के आधार पर अभ्यर्थी को सीट का आवंटन होगा। अभ्यर्थी द्वारा अधिकतम 10 विकल्प वरीयता क्रम में लॉक किये जा सकेंगें। अभ्यर्थी को केवल वही विकल्प प्रदर्शित होगें जिनकी वह शैक्षिक योग्यता रखता हो।

प्रथम काउन्सिलिंग हेतु ऑनलाइन आवेदन के समय अभ्यर्थी द्वारा चयनित विकल्पों में से ही मैरिट रैंक के आधार पर आवंटन होगा। प्रवेश ना मिल पाने की स्थिति में अग्रेतर चरण की काउन्सिलिंग हेतु पुनः वरीयता विकल्प दिये जाने अनिवार्य होंगे।

**18. Upload Details (अभ्यर्थी के अभिलेखों का ऑनलाईन अपलोड किया जाना):-** अभ्यर्थी को अपनी नवीनतम पासपोर्ट फोटोग्राफ, 8वीं की अंकतालिका/प्रमाणपत्र, 10वीं की अंकतालिका / प्रमाण पत्र, आरक्षण वर्ग, उपवर्ग से सम्बन्धित प्रमाणपत्र, स्थायी निवास प्रमाण पत्र ऑनलाईन अपलोड करने होगें। अपलोड की जाने वाली फाईल का अधिकतम 1024 के०बी० (01 एम०बी०) की फाईल ही अपलोड की जा सकती है।

यदि किसी अभ्यर्थी का अंकपत्र के अतिरिक्त अन्य प्रमाणपत्र प्रक्रियाधीन हो तो इस प्रतिबन्ध के अधीन वह आवेदन हेतु पात्र होगा कि सीट का आवंटन होने के पश्चात् संबधित संस्थान में प्रवेश के समय उसके द्वारा उक्त प्रमाण पत्र मूल रूप में प्रस्तुत किया जायेगा।

Government ITI (NCVET), Uttarakhand Application Form 2025

Personal and Address Details | Educational & Counseling Preference | Upload Details | Declaration Details

100% Complete (mandatory fields)

Step 2 of 5

## Available Trade

Gender * : Male

Select Qualification * : 10th Pass

Do you want to opt for DST course? * : Yes

Please select the Gender carefully, it will be considered for your merit allotment

*

**I have read and understood the details provided in the attached PDF regarding the DST Trade. I hereby give my consent to apply for the DST Trade as per the shared information.**

DST Trade PDF

- **शिफ्ट–** डीएसटी प्रशिक्षुओं को विभिन्न शॉप्स में व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए ट्रेनर/रिपोर्टिंग अधिकारी द्वारा समय–समय पर सूचित किए गए शिफ्ट समय का पालन करना होगा।
- **अनुशासन–** डीएसटी प्रशिक्षुओं को अन्य कार्यरत लोगों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखने और अनुशासित व्यवहार बनाए रखना होगा। शारीरिक हिंसा का कोई भी कार्य, भौतिक संपत्ति को नुकसान, अनधिकृत अनुपस्थिति, प्रशिक्षण कार्यस्थल से गायब होना, यौन उत्पीड़न आदि गैर अनशासनात्मक गतिविधियां किये जाने पर सम्बन्धित अभ्यर्थी को प्रशिक्षण से निष्कासित कर दिया जायेगा।
- **छात्रवृत्तिका–** डीएसटी प्रशिक्षुओं को समय–समय पर औद्योगिक प्रतिष्ठानों द्वारा निर्धारित छात्रवृत्तिका प्रदान की जायेगी।
- **भोजन और आवास–** डीएसटी प्रशिक्षुओं को उद्योग में व्यावहारिक औद्योगिक प्रशिक्षण के दौरान अपने रहने और भोजन की व्यवस्था अपने खर्च पर करनी होगी। जिस हेतु इंडस्ट्री द्वारा प्रतिमाह लगभग रू 8000 स्टाइपेंड के रूप में दिये जाने पर सहमति व्यक्त की गई है।

**स्व–घोषणा**

मैं घोषणा करता/करती हूँ कि मेरे द्वारा दोहरी प्रशिक्षण प्रणाली (DST) के अन्तर्गत प्रशिक्षण के सम्बन्ध में उपर्युक्त शर्तों/निर्देशों का भली–भांति अध्ययन कर लिया गया है तथा मैं उपरोक्त शर्तों के अधीन दोहरी प्रशिक्षन प्रणाली (DST) के अन्तर्गत प्रशिक्षण करने हेतु अपनी सहमति व्यक्त करता/करती हूँ।

☑ I Accept

Do you wish to apply for 8th pass trades? * : No

**Trades available as per your selection :**

**Catering & Hospitality Assistant**
**Computer Operator and Programming Assistant (COPA)**
**Cosmetology**
**Draughtsman (Civil)**
**Fashion Design & Technology**
**Information & Communication Technology System Maintenance**
**Mechanic Auto Body Painting**
**Mechanic Auto Body Repair**
**Solar Technician (Electrical)**
**Stenographer Secretarial Assistant (English)**
**Stenographer Secretarial Assistant (Hindi)**
**Surveyor**

**WELDER-DST**
**MECHANIC AUTO BODY PAINTING-DST**
**WELDER (FABRICATION & FITTING)-DST**

## Educational Details

10th Details

| | Board | Year of Passing | Marking Scheme | Maximum Marks | Obtained Marks | Obtained Percentage |
|---|---|---|---|---|---|---|
| Xth | Uttarakhand Boarc | 2024 | Percentag | 500 | 455 | 91.00 |

## Counseling Preference

District Preference 1 * : Haridwar

ITI Preference 1 * : Pirankaliyar

Trade Preference 1 * : Welder-Dst

BACK | SAVE & EXIT | NEXT

Industrial Training Institute

**19. Declaration (घोषणा):-** आवेदनपत्र भरते समय अंत मे अभ्यर्थी को एक घोषणा पत्र भरना होगा जिसमें अभ्यर्थी का नाम, पिता का नाम, दिनांक एवं स्थान की प्रविष्टि करनी होगी। इसके पश्चात अभ्यर्थी अपने आवेदन का पूर्वावलोकन (Preview) कर उसके द्वारा अंकित की गयी समस्त प्रविष्टियों को भली-भाँति जॉच लें यदि किसी प्रकार की गलत प्रविष्टि अंकित हो गयी हो तो पुनः सुधार किया जा सकता है। आवेदन के Submit होने के उपरान्त किसी प्रकार का परिवर्तन नहीं किया जा सकेगा। सभी प्रविष्टियों की जांच के उपरान्त सही होने पर ही Make Payment ऑप्शन का चयन करें एवं निर्धारित आवेदन शुल्क का भुगतान ऑनलाईन बैंकिंग, यू.पी.आ.ई. आदि विकल्पों के द्वारा करना होगा। भुगतान हो जाने के उपरान्त Electronic Acknowledgement Receipt एवं अभ्यर्थी द्वारा भरे आवेदन पत्र का प्रिंट आउट लिया जा सकेगा तथा शुल्क भुगतान, ऑनलाईन आवेदन जमा होने की सूचना अभ्यर्थी की ई-मेल आईडी तथा मोबाईल नम्बर पर भी प्रेषित कर दी जायेगी।



Industrial Training Institute

## Government ITI (NCVET), Uttarakhand Application Form 2025

Personal and Address Details | Educational & Counseling Preference | Upload Details | Declaration Details

100% Complete (mandatory fields)

Step 4 of 5

### Declaration

I certify that the information submitted by me in support of this application, is true to the best of knowledge and belief. I further undertake that I will furnish all the certificates & documents in original at the time of admission.
I understand that in the event of any information being found false or incorrect, my admission is liable to be rejected / cancelled at any stage of the program. I undertake to abide by the disciplinary rules and regulations of the institute.

Applicant Name *: Test

Parent Name *: xyz

Date *: 27/06/2025

Place *: ASAS

I agree to the declaration *

☑ Yes

BACK | SAVE & EXIT | PREVIEW | CONTINUE

Industrial Training Institute

---

